तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



9 बड़े कारली तालाब में आपदा प्रबंधन पर किया गया मॉकड्रिल





10 जी-राम-जी योजना पर भाजपा किसान मोर्चा ने लगाई जन चौपाल किया संवाद




## खबर संक्षेप

### जनपद की सामान्य सभा 11 को होगी

**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल की सामान्य सभा बैठक 11 फरवरी बुधवार को आयोजित की जाएगी। बैठक जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जनपद सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य सभा बैठक में विकासखंड अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी और साथ ही सामाजिक सहायता पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृति संबंधी विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### मृतक के परिजनों के लिए 4 लाख की सहायता मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने स्टाप डेम में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील चारामा निवासी 45 वर्षीय कांशी राम कोसरिया की नदी में बने स्टाप डेम में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी मोहनी के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### एकलव्य विद्यालय में 11 तक आवेदन का मौका

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 07 फरवरी तक आमंत्रित किए गए थे, जिसमें संशोधन करते हुए अब 11 फरवरी तक आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश चयन परीक्षा हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने एवं सहयोग हेतु जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों एवं मंडल संयोजक, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

### तेन्दूपत्ता शाखकर्तन का प्रशिक्षण 16 से 20 तक

**कांकेर।** तेंदूपत्ता संग्रहण काल के पूर्व शाखकर्तन का प्रशिक्षण सभी वन परिक्षेत्र मुख्यालय में 16 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। तेन्दूपत्ता शाखकर्तन कार्य के लिए कोरर में 16 फरवरी को, नरहरपुर में 17 फरवरी, कांकेर में 18 फरवरी, चारामा में 19 फरवरी एवं सरोना में 20 फरवरी को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें संबंधित क्षेत्र के समितियों के साथ ही सरपंच, समिति अध्यक्ष, संचालक मंडल के सदस्य, प्रबंधक, नोडल अधिकारी, फड़ मुंशी, वन समिति के अध्यक्ष एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## खदान में बिना अनुमति की खुदाई और बिना मीटर के बिजली का अवैध उपयोग

# टंहाकापार खदान के खिलाफ ग्रामीणों की मोर्चाबंदी व नारे बाजी, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



चारामा विकासखंड के ग्राम टंहाकापार में महानदी के पावन तट पर संचालित अवैध रेत खदान अब ग्रामीणों के धैर्य की सीमा तोड़ती नजर आ रही है। लंबे समय से बिना किसी वैध अनुमति के चल रहे रेत उत्खनन को लेकर ग्रामीणों ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीण खदान के पास पहुँचकर नारेबाजी करने लगे और कार्यवाही की माँग भी किया।

ग्रामीणों के अनुसार खदान संचालक न सिर्फ अवैध रूप से रेत उत्खनन करा रहा है, बल्कि विरोध करने पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज भी की गई है। इससे गांव में भारी आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि खदान का संचालन करने वाले अंकित जैन स्वयं को भाजपा नेता बताकर राजनीतिक रसूख का हवाला देता है और इसी के बल पर वह लंबे समय से खदान का संचालन कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि महानदी तट पर बड़े पैमाने पर मशीनों के जरिए रेत निकाली जा रही है, जिससे नदी के प्राकृतिक प्रवाह और तटवर्ती इलाकों को नुकसान पहुंच रहा है। खेतों के कटाव का खतरा बढ़ रहा है और नदी का जलस्तर असंतुलित हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान संचालक प्रशासनिक नियमों की खुलेआम अनदेखी कर प्रभाव का दुरुपयोग कर रहा है।

- ग्रामीणों ने प्रशासन को दी सख्त चेतावनी, त्वरित कार्रवाई की माँग की
- राजनीतिक प्रभाव का हवाला देकर नियमों की उड़ाई जारी धज्जियां

### निष्पक्ष जाँच कर कार्रवाई की माँग

ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए, खदान संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और बिजली विभाग द्वारा अवैध कनेक्शन को तुरंत काटा जाए। साथ ही, भविष्य में इस तरह की गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए स्थायी निगरानी व्यवस्था की भी मांग की गई है।





### बिजली का अवैध कनेक्शन बना एक और गंभीर मुद्दा

ग्रामीणों ने बताया कि खदान संचालक द्वारा नदी किनारे रहने के लिए एक अस्थायी ढांचा तैयार किया गया है, जहां बिना किसी अनुमति के सीधे बिजली लाइन से कनेक्शन लिया गया है। इस कनेक्शन पर न तो कोई मीटर लगाया गया है और न ही बिजली विभाग से स्वीकृति ली गई है। खुलेआम हो रहे इस अवैध बिजली उपयोग से न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि हादसे की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब आम नागरिकों से बिजली बिल और नियमों का पालन कराया जाता है, तो ऐसे प्रभावशाली लोगों को खुलेआम कानून तोड़ने की छूट क्यों दी जा रही है। इस दोहरे मापदंड को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष है।

### चेन माउंटेन को गांव की सड़क में चला रहे

गांव की सड़कों पर चैन माउंटेन मशीन का चलाकर खदान में ले जाया जा रहा है। यह मशीन भारी वजन और लोहे की चेन के कारण सड़क की सतह को बुरी तरह नुकसान पहुंचा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए बनी यह मशीन गांव की संकरी सड़कों पर चलाने के लिए उपयुक्त नहीं है। यदि समय रहते प्रशासन ने इस पर रोक नहीं लगाई, तो सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है।

### चक्काजाम और उग्र आंदोलन की चेतावनी

विरोध करने वाले ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द अवैध रेत खदान को बंद नहीं किया गया और बिजली के अवैध कनेक्शन पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे चक्का जाम और उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अब वे केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहते हैं।

## बस्तर पंडुम में केंद्रीय गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के हाथों कांकेर के दो प्रतिभागी पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बस्तर की माटी, कला और परंपरा को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाला संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2026 इस वर्ष सांस्कृतिक वैभव और जनजातीय गौरव का भव्य उत्सव बनकर उभरा। इस आयोजन में बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति की विविध रंग-छटाओं ने न केवल दर्शकों का मन मोहा, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों और शिल्पियों को राज्य स्तर पर सम्मान भी दिलाया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति ने इस आयोजन की महत्ता को और बढ़ा दिया।

संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2026 के दौरान नृत्य, गीत, साहित्य, व्यंजन, पेय पदार्थ, औषधि, वेशभूषा-आभूषण, चित्रकला, वाद्ययंत्र, नाटक सहित कुल 12 विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कलाकारों और दलों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक विधा के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार रुपए के चेक एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस क्रम में जिले के दो पृथक-पृथक विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों को भी पुरस्कृत किया गया। जनजातीय शिल्प के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करने वाले ओमप्रकाश गावड़े (कोया आर्ट्स) को उनके उत्कृष्ट शिल्प प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

उन्हें 50 हजार रुपए का चेक और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जनजातीय चित्रकला विधा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दीपक जुर्री को भी प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए का चेक और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समापन अवसर पर अतिथियों ने कहा कि बस्तर पंडुम जैसे आयोजन आदिवासी कला, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सम्मानित कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के कलाकारों की प्रतिभा आने वाले समय में बस्तर की पहचान को और मजबूत करेगी।

### कांकेर में कल मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह

**कांकेर।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजनांतर्गत जिले के 251 बेटियों का विवाह आज 10 फरवरी को सम्पन्न कराया जाएगा। गोविन्दपुर स्कूल के खेल मैदान में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं समस्त निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

## मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी से कांग्रेसी पार्षदों में आक्रोश, अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में मूलभूत नागरिक सुविधाओं की बदहाली को लेकर अब जनप्रतिनिधियों का धैर्य जवाब देने लगा है। सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और साफ-सफाई जैसी आवश्यक सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे नगरवासियों की समस्याओं को लेकर नगर पंचायत के कांग्रेस पार्षदों ने खुलकर विरोध दर्ज कराया। नेता प्रतिपक्ष विजय धामेचा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए।

ज्ञापन में कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि नगर के अधिकांश वार्डों में लंबे समय से विकास कार्य ठप पड़े हैं। सड़कों की हालत जर्जर है, नालियों की सफाई नहीं हो रही, पेयजल आपूर्ति अनियमित बनी हुई है, वहीं कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी होने से नागरिकों को रात के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साफ-सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष विजय धामेचा ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। आय-व्यय की जानकारी सार्वजनिक न किए जाने से पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता की समस्याओं को उठाना उनका दायित्व है और यदि समय रहते हालात नहीं सुधरे तो आंदोलन ▸▸शेष पेज 08 पर

## बेकाबू अज्ञात कार की टक्कर से युवक गंभीर रिपोर्ट कराई दर्ज

**कांकेर।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की वजह से एक और परिवार को गहरी चोट पहुंची है। अज्ञात कार चालक की लापरवाही ने एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसका इलाज अब भी निजी अस्पताल में जारी है। पीड़ित पिता ने इलाज में व्यस्त रहने के कारण विलंब से थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है और दोषी चालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बैजनपुरी, थाना विश्रामपुरी जिला कोंडागांव निवासी 45 वर्षीय विशाल मंडावी पिता स्व. चमरू मंडावी ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर 2025 को उनका पुत्र रविन्द्र मंडावी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 27 आर 0391 से निजी कार्य से कांकेर आ रहा था। इसी दिन सुबह लगभग साढ़े 10 बजे जब वह ज्ञानी चौक, कांकेर के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात कार के चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज और लापरवाहीपूर्वक ▸▸शेष पेज 08 पर







## नगर की जर्जर सड़क के लिए स्वीकृत कराई थी राशि

# अंतागढ़ नगर को मिलेगी बिजली की नई सौगात, विधायक विक्रम ने की पहल पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर





अंतागढ़ नगर के विकास को नई गति देते हुए अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। नगर के भीतर सड़कों के निर्माण के बाद अब नगरीय क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कराई गई है। इससे नगरवासियों को न केवल बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि रात्रिकालीन आवागमन भी सुरक्षित और सुगम हो सकेगा। अंतागढ़ नगर क्षेत्र में लंबे समय से पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अंधेरे सड़कों के चलते दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी, वहीं महिलाओं, बुजुर्गों और राहगीरों को असुरक्षा का भी अनुभव होता था। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक विक्रम उसेंडी ने प्रशासन स्तर पर पहल कर नगरीय क्षेत्र में नई स्ट्रीट लाइट लगाने और पुराने खंभों को दुरुस्त करने हेतु राशि ▸▸शेष पेज 08 पर

- सड़क बनी तो आमलोगों ने अब ली राहत की सांस

### रेलवे स्टेशन से अंतागढ़ तक स्ट्रीट लाइट भी मंजूरी

रेलवे स्टेशन से अंतागढ़ नगर तक अब आवागमन और भी सुरक्षित व सुविधाजनक होने वाला है। इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था किए जाने की स्वीकृति के लिए विधायक विक्रम उसेंडी ने पत्र लिखा है। लंबे समय से इस मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नई स्ट्रीट लाइट लगने से रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों, स्थानीय निवासियों और राहगीरों को सुरक्षित वातावरण मिलेगा। इसके साथ ही क्षेत्र की सुंदरता में भी वृद्धि होगी।

खबर संक्षेप



## कोटवेल में हुई प्रो-कबड्डी स्पर्धा

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले में माकड़ी ब्लॉक के ग्रापं पूसापाल के आश्रित ग्राम कोटवेल में आयोजित दो दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में राज्य के अलग अलग पंचायतों से आई हुई टीमो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर पदमपुर (धमतरी) की टीम रही जिसे 15001 रुपये के साथ ट्रॉफी दिया गया। द्वितीय स्थान पर कोटवेल की टीम रही जिसे 8001 और ट्रॉफी दिया गया। वही तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ पुरस्कार 1501 दिया गया। महिला वर्ग प्रथम स्थान पर स्टार सोडमा की रही जिसे प्रथम पुरस्कार 7001 एवं ट्रॉफी दिया गया। द्वितीय पुरस्कार कोटवेल की टीम को 3500 और ट्रॉफी दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम कोटवेल और पुसापाल ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा ।

## सामूहिक विवाह योजना में 280 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे आज

**जगदलपुर।** शहर में 10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 280 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इस विवाह समारोह में एक ही मंडप के नीचे ये सभी जोड़े दांपत्य जीवन की नई शुरूआत करेंगे। जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित यह समारोह सिटी ग्राउंड में संपन्न होगा। सुबह 11 बजे से मांगलिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाएगी।इस सामूहिक विवाह समारोह में नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक किरण सिंह देव करेंगे।

### ठेल्काबोड़ में भागवत कथा का सातवां दिन, धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन से सुमति मिलेगी: चैतन्य

# माता-पिता बच्चों को जन्म से ही अच्छी शिक्षा और संस्कार दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शहर के ठेल्काबोड़ में आयोजित भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज ने कहा कि मां को प्रथम गुरु का दर्जा प्राप्त है, इसलिए माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को जन्म से ही अच्छी शिक्षा और संस्कार दें। परिवार में प्रतिदिन धार्मिक ग्रंथों का पाठ होना चाहिए और उनके मूल्यों को जीवन में उतारना चाहिए।

कथा के दौरान महाराज ने कृष्ण-जामवंत युद्ध और सुदामा प्रसंग की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस हमें यह सिखाती है कि मनुष्य को कैसा जीवन जीना चाहिए और रिश्तों का निर्वाह कैसे करना चाहिए, जबकि भागवत कर्मयोग की शिक्षा देती है। कथावाचक ने कहा कि आज लोग स्वयं को अकारण ही अत्यधिक व्यस्त बना चुके हैं। घरों में धार्मिक ग्रंथ तो मौजूद हैं, लेकिन उनके अध्ययन और पूजा-पाठ के लिए समय नहीं है। अधिकांश समय मोबाइल में ही व्यतीत हो रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि रोजाना या सप्ताह में कम से कम एक बार रामायण के 11 दोहे अवश्य पढ़ें। धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन से सुमति की प्राप्ति होती है।





### ग्रंथों में निहित अच्छी बातों को जीवन में उतारें

चैतन्य महाराज ने कहा कि प्रत्येक हिंदू के घर में धार्मिक ग्रंथ होने चाहिए और उनमें निहित अच्छी बातों को जीवन में अपनाना चाहिए। जिस घर में तुलसी का पौधा न हो, गोबर का लेप न हो, बुजुर्गों की सेवा न हो और शांति न हो, वह घर नरक के समान होता है। वहीं जिस घर में ईश्वर का नाम गूंजता है, भले ही वहां भौतिक सुख-सुविधाएं न हों, वहां प्रवेश करते ही आनंद की अनुभूति होती है।

महाराज ने कहा कि धर्म है तो मनुष्य का अस्तित्व है, धर्म नहीं तो कुछ भी नहीं। धर्म और कर्म के लिए समय निकालना आवश्यक है। मोबाइल को समाज के लिए दीमक बताते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को थोड़ा भी परेशान होने पर मोबाइल थमा दिया जाता है, जो गलत है। बच्चों को मोबाइल देने के बजाय भगवान से जोड़ने वाले संस्कारयुक्त खिलौने देने चाहिए और उनकी गतिविधियों पर सतत नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज भोला, स्वच्छ और निर्मल है, लेकिन इतना भोला भी नहीं बनना चाहिए कि कोई उसका घर ही उखाड़ ले जाए। व्यक्ति को स्वार्थ छोड़कर धर्म और राष्ट्र के लिए जीना चाहिए तथा आसपास की गतिविधियों पर सजग नजर रखनी चाहिए।

### मनपसंद विवाह में बढ़ रहा विघटन

कथावाचक ने कहा कि आज मनपसंद विवाहों में तेजी से विघटन हो रहा है, 50 प्रतिशत से अधिक शादियां टूट रही हैं। विवाह केवल मन का नहीं, बल्कि दो आत्माओं का मिलन है। पहले विवाह माता-पिता की पसंद और आशीर्वाद से होते थे, इसलिए तलाक जैसे मामले नहीं होते थे। युवा पीढ़ी को माता-पिता और परिवार की सहमति से विवाह करना चाहिए।

### आज तुलसी वर्षा के साथ कथा का समापन

सुदामा प्रसंग के बाद सजीव झांकी प्रस्तुत की गई। सुदामा के रूप में आदि, श्रीकृष्ण के रूप में सौम्या जायसवाल और रुक्मिणी के रूप में शुभि ने मनमोहक प्रस्तुति दी। 10 फरवरी को कथा के अंतिम दिन परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ तुलसी वर्षा होगी। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सांसद मोहन मंडावी और ज्योतिष मनीषी डॉ. गीता शर्मा भी उपस्थित रहीं।

# मोर सुआद, दीदी की रसोई में पहुंचे राज्यपाल व सीएम, चखा पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होने जगदलपुर आगमन से पूर्व छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को सड़क मार्ग से रायपुर से जगदलपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने केशकाल नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग–30 के प्रगतिरत नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और वर्तमान स्थिति का गहन अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह मार्ग बस्तर संभाग को राजधानी रायपुर एवं अन्य राज्यों से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को निर्देशित किया कि केशकाल नगर के साथ–साथ केशकाल बायपास का निर्माण कार्य भी निर्धारित समय–सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए तथा निर्माण कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



### महिला समूहों को सशक्त करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने समूह की महिलाओं से उनकी आय एवं गतिविधियों की जानकारी ली और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को निर्देश दिए कि स्व–सहायता समूहों को आजीविका सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाए तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाते हैं।

**लोक कलाकारों की कला की सराहना :** इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के लोक कलाकारों की पेंटिंग्स का अवलोकन किया और कलाकारों से संवाद कर उनकी रचनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राण घातक हमला करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

थाना केशकाल के ग्राम गारका में 6 फरवरी प्रार्थिया थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसके पति प्रदीप सिन्हा अपने घर बाडी में मजदूर लगाकर फेसिंग के लिए तार खुटा लगा रहे थे उसी समय गांव के पडोस के रहने वाले सुन्दर लाल सिन्हा, किशुन सिन्हा आये और हमारे जमीन में क्यो फेसिंग के लिए तार खुटा लगा रहे हो कहकर एक राय होकर मॉ बहन की अश्लील गन्दी गन्दी गाली गलौच कर आज तुम्हे जान से मार देगें कहकर सुन्दर लाल सिन्हा इसके पति प्रदीप सिन्हा के दोनो पैर को जमकर पकडा था तथा आरोपी किशुन सिन्हा के द्वारा लोहे के सब्बल से जान से मारने की नियत से इसके पति के सिर में प्राण घातक हमला कर चोट पहुंचाया है। जिससे प्रार्थिया की पति प्रदीप सिन्हा को सिर में चोट लगकर घायल होने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केशकाल लायें जहां उसकी बेहत्तर उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया था। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर धारा 109, 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पंकज चन्द्रा के निर्देश पर नवनियुक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव श्री कपील चन्द्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केशकाल श्री अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी केशकाल विकास बघेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कंवल सिंह शोरी थाना केशकाल द्वारा त्वरित कार्यवाही कर विवेचना के दौरान आरोपीगण सुन्दर लाल सिंहा पिता स्व. कचरू राम सिन्हा जाति कलार उम्र 60 वर्ष, एवं किशून सिंहा पिता स्व. कचरू राम सिन्हा उम्र 58 वर्ष दोनों निवासी गारका थाना केशकाल जिला कोण्डागाव को तलब कर पूछताछ किया गया जो घटना कारित करना स्वीकार करने से 9 फरवरी के क्रमशः 13.20, 13.30 बजे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास बघेल, उपनिरीक्षक कंवल सिंह शोरी, सहायक उपनिरीक्षक हेमंत देवांगन, प्रधान आरक्षक संजय बिसेन, ईश्वर नेताम, मप्रआर. माधुरी रावटे, आरक्षक लिलेश्वर ध्रुव, जितेन्द्र माहला, अमित मण्डावी, अरूण यादव, का विशेष योगदान रहा। मिली जानकारी अनुसार रायपुर में परिवार एवं ग्रामीण शव को लेने रायपुर पहुंच गए है। देर शाम तक प्रदीप सिन्हा का शव गृह ग्राम गारका पहुंचने की संभावना है।





# उच्च शिक्षा आयुक्त ने रामकृष्ण मिशन आश्रम में नया कॉलेज खोलने के लिए किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

उच्च शिक्षा आयुक्त डॉ. संतोष देवांगन ने रामकृष्ण मिशन आश्रम में आगामी सत्र 2026-27 में महाविद्यालय खोलने के लिए मूलभूत जानकारी एवं चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधारभूत संरचना, भूमि की उपलब्धता, शैक्षणिक वातावरण एवं विभिन्न बिंदुओं पर गहन मूल्यांकन किया । निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी चाहते हैं कि बस्तर में ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वे यहीं से रोजगार प्राप्त करें। जिले में नए महाविद्यालय की स्थापना से न केवल विद्यार्थियों को विविध पाठ्यक्रमों में प्रवेश के अधिक मौके मिलेंगे और प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। उच्च शिक्षा विभाग का यह प्रयास बस्तर के नारायणपुर जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम साबित होगा। इसके पहले उच्च शिक्षा आयुक्त डॉ. देवांगन के नारायणपुर आगमन पर अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम तथा वरिष्ठ प्राध्यापक भगवान दास चांडक एवं राजेंद्र कुमार यादव ने उनका स्वागत किया। डॉ. देवांगन ने जिले के महाविद्यालयों की उपलब्धियां और चुनौतियों पर चर्चा की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत चल रहे शैक्षणिक सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें लगातार स्वयं को अद्यतन रखना चाहिए। जीवन में सीखने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है, और जो व्यक्ति समय के साथ अपने ज्ञान और कौशल को अपडेट करता है वही सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के सचिव, स्वामी व्याप्तानंद महाराज एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए।

- ज्ञान और कौशल को अपडेट करें सफलता मिलेगी : देवांगन

# 1302 लोगों की जांच में 13 टीबी संदिग्ध चिन्हित




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत जिले में क्षय रोग उन्मूलन के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर टीबी स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी तथा जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. हरेंद्र देवेल के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। अभियान के तहत 28 जनवरी से 7 फरवरी तक जिले के विभिन्न विकासखंडों में टीबी स्क्रीनिंग की गई, जिसमें कुल 1302 लोगों की जांच की गई। स्क्रीनिंग के दौरान 13 टीबी संदिग्ध मरीजों की पहचान की गई है जिन्हें आगे की जांच एवं उपचार की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार टीबी के प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, खांसी में खून आना, सीने में दर्द, वजन का लगातार घटना, भूख न लगना एवं बुखार शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराने की अपील की गई है। जिले का वार्षिक टीबी उन्मूलन लक्ष्य 900 मरीजों की पहचान एवं उपचार निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरे जिले में सुनियोजित एवं सतत टीबी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### घर–घर जाकर की जा रही टीबी स्क्रीनिंग

इस अभियान में मितानिन, एमटी, बीसी, एएनएम, आरएमए, आरएचओ, सुपरवाइजर, बीटीओ, बीपीएम एवं टीबी सुपरवाइजर की संयुक्त टीम द्वारा विद्यालयों, छात्रवासों, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों, शांति फाउंडेशन सेंटर, करुणा भवन, नर्सिंग सेंटरों सहित घर–घर भ्रमण कर टीबी स्क्रीनिंग की जा रही है।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की चुनाव प्रक्रिया तेज, तीन पदों के लिए नामांकन हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कांकेर में संगठनात्मक गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली है। लंबे समय से प्रतीक्षित जिला पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू होते ही पेंशनधारियों में उत्साह का माहौल बन गया है। अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए नामांकन दाखिल होने से चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। विभिन्न तहसीलों से आए प्रस्तावकों और समर्थकों की सक्रिय भागीदारी ने यह संकेत दिया है कि यह चुनाव केवल औपचारिकता नहीं बल्कि संगठन को नई दिशा देने वाला होगा।



प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. डी.पी. मनहर के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कांकेर के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। तीनों पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र पीठासीन अधिकारी के.एल. उइके के समक्ष जमा किए गए। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए आजीवन सदस्य देवराम नाग अंतागढ़ ने अपना नामांकन दाखिल किया है, वहीं सचिव पद के लिए लीलाराम सेन लखनपुरी तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए लोकेश साहू सरोना द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया की खास बात यह रही कि तीनों प्रत्याशियों के प्रस्तावक एवं समर्थक अलग-अलग तहसीलों से रहे। इस दौरान लखनपुरी, सरोना, अंतागढ़ और कांकेर के मतदाता उपस्थित थे, जिससे चुनाव को लेकर व्यापक सहभागिता देखने को मिली।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व करण सिंह ठाकुर ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। उनके प्रस्तावक और समर्थक भानुप्रतापपुर तहसील के मतदाता रहे।

बताया गया कि शेष दो पदों के लिए अंतिम तिथि तक और भी नामांकन दाखिल किए जाने की संभावना है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मतदान दिवस पर संभागीय अध्यक्ष जी.एस. पाण्डेय पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे। निर्वाचन से जुड़ी समस्त जानकारी पीठासीन अधिकारी के.एल. उइके द्वारा दी गई।

### कलेक्टर ने ग्राम पलारी में जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की

# कुपोषण मुक्त जिला बनाने वजन त्यौहार 2026 का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सोमवार को वजन त्यौहार 2026 का जिला स्तरीय शुभारम्भ कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पलारी के बड़ेपारा–2 में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की वजन प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली।

- बच्चों की वजन प्रक्रिया का अवलोकन, कुपोषित बच्चों की ली जानकारी



इस दौरान उन्होंने स्वच्छता, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय कर शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। वजन त्यौहार का आयोजन 18 फरवरी तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया जाएगा। इसका उद्देश्य कुपोषण की पहचान, रोकथाम एवं जनजागरुकता को बढ़ावा देना है।

### हर परिवार को मिलेगी बच्चों की पोषण स्थिति की जानकारी

इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की वास्तविक पोषण स्थिति की जानकारी दी जाएगी तथा सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वजन त्यौहार के दौरान बच्चों में कुपोषण की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर प्रत्येक बच्चे की जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज की जाएगी। जिससे राज्य स्तर पर कुपोषित बच्चों का सटीक डाटाबेस तैयार किया जा सके। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं में एनीमिया जांच, बीएमआई परीक्षण एवं पोषण स्तर का आकलन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष

### मूलभूत सुविधाओं की...

का रास्ता अपनाना मजबूरी होगी। कांग्रेस पार्षदों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही नगर की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नगरवासियों के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए सभी समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है और कहा कि आने वाले समय में आप सभी की समस्याओं का निदान जल्द किया जाएगा।

### बेकाबू अज्ञात कार की...

चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया। हादसे में रविन्द्र मंडावी मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई। तत्काल उसे इलाज के लिए केडी अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे धमतरी स्थित एकता अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में युवक का इलाज वहीं जारी है। पीड़ित पिता ने बताया कि घटना के बाद वे अपने बेटे के इलाज में पूरी तरह व्यस्त रहे, इसी कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। पीड़ित युवक के पिता 08 फरवरी को देर शाम थाना पहुंचकर उन्होंने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है और मामले में उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### अंतागढ़ नगर को मिलेगी...

स्वीकृत करवाने के लिए पत्र लिखा है, जिसका सकारात्मक परिणाम बहुत जल्द सामने आएगा। विधायक ने कहा कि अंतागढ़ नगर का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, पानी और प्रकाश जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किए बिना विकास अधूरा है। उन्होंने बताया कि अंतागढ़ नगर में जहाँ लाईट की कमी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर नई लाईट लगाई जाएंगी, साथ ही खराब पड़ी लाईटों की मरम्मत भी कराई जाएगी। नगरवासियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए विधायक विक्रम उसेंडी का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण के बाद लाईट व्यवस्था होने से नगर की सुंदरता बढ़ेगी और रात के समय बाजार, मोहल्लों व सार्वजनिक स्थानों पर चहल-पहल सुरक्षित रूप से हो सकेगी।

## खबर संक्षेप

### शीतलावंड में बुढ़ादेव बूढ़ी माई महोत्सव



**बस्तर।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के द्वारा तीन दिवसीय बुढ़ा देव महोत्सव का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रथम दिन मेहमानों के आगमन स्वागत, दूसरे दिन बुढ़ा देव की पूजा आराधना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक बैठक जिसमें वर्ष भर किए गए कार्यों पर चर्चा किया जाएगा एवं तीसरे दिन मेहमानों की विदाई के साथ ही तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न होगा। जगदलपुर मुड़ा क्षेत्र में ध्रुव समाज के संरक्षक एसएस चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष शंभूनाथ ध्रुव, संभागीय सचिव लिलेश्वर ध्रुव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने सभी मुड़ा क्षेत्रों में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में मुड़ा क्षेत्र से अशोक मंडावी, जिला उपाध्यक्ष विक्रम चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश ध्रुव भगत ध्रुव, हेमंत ध्रुव, समाज प्रवक्ता राधेश्याम ध्रुव, उप मुड़ा दार महिला प्रभाग सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी बने ठाकुर

**गीदम।** भारतीय जनता पार्टी जिला दंतेवाड़ा संगठन द्वारा राजेंद्र सिंह ठाकुर को जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति के पश्चात राजेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनसंपर्क और जनसंवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने तथा सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का निरंतर प्रयास किया जाएगा।



### निधन

### हरिलाल चावड़ा

**जगदलपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी गुजराती समाज के लालबाग निवासी हरिलाल ओधवजी चावड़ा का आकस्मिक निधन आज हो गया है। वे जितेंद्र चावड़ा एवं लोकेश चावड़ा के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा कल सुबह 10 बजे निवास से निकाली जाएगी। वे पत्नी, 2 पुत्र, 1 पुत्री और नाती, पोतों का भरा पूरा परिवार को बिलखता छोड़ गए।

# सरकार की लापरवाही ने ली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की जान : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा

■ बेलगाम टिप्पर, बदहाल सड़कें और संवेदनहीन शासन व्यवस्था की देन है यह हादसा

विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होने जा रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सड़क दुर्घटना में हुई मौत को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह हादसा कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सरकार की असफल नीतियों, लापरवाह प्रशासन और कानून व्यवस्था की खुली विफलता का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत नदी सागर अंतर्गत पदरगुड़ा पारा निवासी एवं जरईगुड़ा पारा में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वंदनावती बघेल (45 वर्ष) की पोटानार के समीप एक अज्ञात तेज रफ्तार टिप्पर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथ जा रहीं रामदई बघेल (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिनका इलाज जगदलपुर के महारानी अस्पताल में जारी है। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम जैसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन का आयोजन करने वाली भाजपा सरकार यह बताने में असफल है कि आयोजन में शामिल होने जा रही महिलाओं, कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

भारी वाहनों की बेलगाम आवाजाही और सड़क सुरक्षा की कोई ठोस व्यवस्था न होना सीधे-सीधे प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। बघेल ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पहले ही कम मानदेय, असुरक्षित कार्य परिस्थितियों और उपेक्षा का दंश झेल रही हैं, और अब सरकार की लापरवाही ने एक मां की जान ले ली मृतिका के तीन छोटे बच्चे हैं- एक पुत्र और दो पुत्रियां जिनके सिर से हमेशा के लिए मां का साया उठ गया।

इसकी नैतिक जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। सरकार विकास के झूठे दावे करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि बस्तर की सड़कें मौत का रास्ता बन चुकी हैं भारी वाहनों पर कोई नियंत्रण नहीं है, न ही दुर्घटनाओं के बाद त्वरित कार्रवाई होती है आज तक ऐसे मामलों में दोषियों को बचाने का काम ही किया गया है।

### मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा व एक सदस्य को मिले नौकरी



विधायक ने मांग की कि अज्ञात टिपर वाहन एवं चालक की तत्काल पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाए। मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं स्थायी आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। गंभीर रूप से घायल रामदई बघेल के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करे। बस्तर क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण और प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। यदि भाजपा सरकार ने इस घटना से सबक नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। यह केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे बस्तर की महिलाओं और मेहनतकश वर्ग के सम्मान और सुरक्षा का सवाल है। दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने घायल महिला के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना एवं शोकसंतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### बचाव दल पूरी तरह तैयार

# बड़े कारली तालाब में आपदा प्रबंधन पर किया गया मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले के बड़े कारली तालाब में बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने हेतु प्रशासनिक अमले एवं गोताखोरों की टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास के दौरान तालाब के मध्य नाव ले जाकर एक युवक को डूबने से बचाने का प्रदर्शन किया गया।

तालाब में जलस्तर कम होने के कारण पत्थरों से टकराने की आशंका को ध्यान में रखते हुए तालाब के दूसरे छोर पर सायरन व्यवस्था की गई थी। वहीं से माइक के माध्यम से बचाव दल को दिशा-निर्देश दिए जा रहे थे। बचाव दल को यह जानकारी दी जा रही थी कि किस दिशा में पत्थर हैं और किस ओर खतरे की संभावना है। मॉक ड्रिल के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि बचाव में प्रयुक्त नाव तकनीकी रूप से पूरी तरह सक्षम है तथा गोताखोर आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार हैं। साथ ही बचाव कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली सभी मानक प्रक्रियाओं का पालन किया गया। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा जिले में नदी किनारे बसे गांवों में बाढ़ की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों के फंसने पर उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने की तैयारियों का भी इस अभ्यास के माध्यम से पूर्वाभ्यास किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग का अमला भी उपस्थित रहा। बाढ़ आपदा में फंसे लोगों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्राथमिक उपचार सामग्री एवं चिकित्सक मौजूद थे, साथ ही आवश्यक जीवनरक्षक औषधियां भी रखी गई थीं। इसके अतिरिक्त मॉक ड्रिल के दौरान अस्थायी राहत केंद्र भी स्थापित किया गया। इस प्रकार आपदा से निपटने की तैयारियों की पूर्ण रूप से रिहर्सल की गई। मॉक ड्रिल के पश्चात अपर कलेक्टर द्वारा बाढ़ आपदा से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने पर्याप्त संख्या में जीवन रक्षक जैकेट, नावों के लिए ईंधन, टॉर्च जैसी आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। साथ ही मानसून से पूर्व राहत शिविरों की समुचित तैयारियां पूर्ण कर लेने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष में कर्मचारी चौबीसों घंटे उपस्थित रहें तथा आपदा की स्थिति में प्रत्येक क्षण की सूचना उच्च अधिकारियों को दी जाए। इसके साथ ही प्रशासन के पास उपलब्ध सभी नावों का तकनीकी परीक्षण पूर्व में ही कर लेने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के डिप्टी कमांडेंट पवन जोशी, उप निरीक्षक अरुण लांबा एवं प्रमोद कुमार, जिला सेनानी नगर सेना सिदार, तहसीलदार गीदम एवं कटेकल्याण, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भैरमगढ़ में हुआ स्वस्थ पंचायत सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जनपद पंचायत भैरमगढ़ के बाजार शेड प्रांगण में स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का भव्य एवं सुनियोजित आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड अंतर्गत ग्रामों की स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों के सदस्यों द्वारा जनजागरूकता हेतु स्वास्थ्य एवं पोषण विषयक बैनरों के साथ रैली निकाली गई, तत्पश्चात सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की गई एवं भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु आपसी समन्वय से कार्य करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिन दीदियों एवं मोबाइल एकेडमी कोर्स पूर्ण करने वाली मितानिनों को प्रमाण.पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विकासखंड भैरमगढ़ की समस्त ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे गए।

प्राप्त आवेदनों में नल-जल योजना से संबंधित 35, स्वास्थ्य विभाग से 22, हैंडपंप से 10, वृद्धा पेंशन से 3, डबरी निर्माण से 15, प्राथमिक शाला बाउंड्री से 1 तथा आंगनबाड़ी भवन से 4 आवेदन शामिल रहे। इस प्रकार विभिन्न विभागों से संबंधित कुल लगभग 96 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दसरी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य समंतीन कोरसा, जनपद सदस्य सुनीता तेलम, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी, सरपंच पार्वती रानीबोदली सहित विकासखंड के समस्त ग्राम प्रमुख, गणमान्य नागरिक एवं दूरस्थ व पहुंच विहीन क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## स्कूलों के लिए निर्माण हो रही शिक्षण सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर के गोंड़ी स्कूलों के लिए शिक्षण सामग्री तैयार की जा रही है। दरभा एवं बास्तानार ब्लॉक के गोंड़ी जानने वाले शिक्षक साथी एवं लेंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन के तत्वाधान में गोंड़ी भाषा में कक्षा पहली और दूसरी की किताबें, स्थानीय परिवेश कविताएं, कहानियों शामिल करते हुए वर्कबुक में लोककथाएं, छोटी कहानियों की किताबें तैयार की जा रही हैं। इनमें गोंड़ी के शब्दों को शामिल किया गया है। अब बस्तर के गोंड़ी स्कूल के बच्चे गोंड़ी भाषा में अध्ययन कर सकेंगे। कक्षाओं में गोंड़ी में अध्यापन का कार्य होगा। नई शिक्षा नीति बहुभाषी शिक्षा पर जोर देती है, उसी मंशा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

गोंड़ी भाषा का ज्ञान परोसने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में मुख्य भूमिका बास्तानार के शिक्षक, भारत कुरुद, शिवानंद वेक, माड़का राम, बुधराम कर्मा, संतु कर्मा, महेश पोयाम लोहंडीगुड़ा, इंदर राम नाग, डमरूधर कश्यप, कमला, बिसेलाल दरभा, महेंद्र कुमार ओटी ब्लॉक, लेंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन से बहुभाषा एक्सपर्ट सुभाषचन्द्र वैष्णव, संजय गुलाटी, भारत साहू, सुनील सिन्हा, प्रमेंद्र, सनत, टिकेश्वर सोनवंशी ,सुदरु राम, ललित यादव, देवेंद्र कुमार, अभिजीत का योगदान रहा है।

## महादेव तालाब में होगा मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



■ आपदा प्रबंधन पर टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन

जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ करने तथा विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (द्वारा आपदा प्रबंधन पर टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट पवन जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, संसाधनों के समुचित उपयोग एवं प्रभावी निर्णय प्रक्रिया को सुदृढ़ करना रहा। टेबल टॉप एक्सरसाइज के दौरान बाढ़, भूकंप, अग्निकांड सहित अन्य संभावित आपदाओं की काल्पनिक परिस्थितियां निर्मित कर विभिन्न विभागों की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई।

एनडीआरएफ के अधिकारियों द्वारा आपदा के पूर्व, दौरान एवं पश्चात किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारी मुकेश देवांगन ने सभी विभागीय अधिकारियों को आगामी मॉक ड्रिल के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए।

बैठक में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट पीबी सिदार सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, नगरीय निकाय एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। एनडीआरएफ टीम द्वारा बताया गया कि किसी भी आपदा की स्थिति में विभागों के बीच समन्वय त्वरित निर्णय एवं प्रभावी संचार व्यवस्था ही जान-माल की क्षति को न्यूनतम करने में सहायक होती है। अभ्यास के दौरान संचार प्रणाली, राहत एवं बचाव कार्य, चिकित्सा सुविधा, अस्थायी राहत शिविरों की व्यवस्था तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गई। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की तैयारियों से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। गौरतलब है कि एनडीआरएफ द्वारा 10 फरवरी को महादेव तालाब में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा जिसमें आपदा की वास्तविक परिस्थितियों का अभ्यास कर राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की परख की जाएगी।

## शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री से भेंट कर समस्याओं से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राष्ट्रहित, शिक्षा हित, शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित के चार पुरुषार्थों को लेकर कार्य करने वाला संगठन छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पालक अधिकारी गोपाल यादव की उपस्थिति एवं प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह एवं प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से भेंट कर विभिन्न समस्याओं को अवगत कराते हुए समाधान का आग्रह किया है। गौरतलब है कि विगत दिनों रायगढ़ में प्रांत स्तरीय दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी में शासन को 9 सूत्रीय आग्रह पत्र प्रेषित किया गया था।

विज्ञप्ति में बताया गया कि सहायक शिक्षकों का लंबित तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान को हरी झंडी मिल गई है। शीघ्र ही मंत्रिमंडलीय स्वीकृति हेतु कैबिनेट में प्रस्तुत की जायेगी। संगठन की मांग पर छत्तीसगढ़ शिक्षा आयोग का पुनर्गठन कर लिया गया है, इसकी घोषणा भी शीघ्र ही कर दी जाएगी। भर्ती पदोन्नति नियम 2025 के प्रकाशन से शिक्षक संवर्ग के संघर्ष पर विराम लगेगा। समस्त संवर्गों, शिक्षक से लेकर अपर संचालक तक के पदों पर पदोन्नति होगी। शिक्षा विभाग के प्रभारवाद की समाप्ति होगी। एलबी संवर्ग की सेवा गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से करने की मांग पर शिक्षा मंत्री कहा कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु एन पी एस कटौती के समय अर्थात 2012 से सेवा गणना की जायेगी। आरएमएसए अंतर्गत हाईस्कूल में संस्कृत विषय की व्याख्याता के पद को समाप्त कर दिया गया है जिसे पुनः सृजित करने पर सहमति जताई तथा भृत्य, लिपिक और स्वीपर के पद को भी पुनर्जीवित करने का आश्वासन दिया गया। सहायक शिक्षक से ग्रंथपाल पर पदोन्नति संविलियन किया गया है परंतु आज पर्यंत राजपत्र में इसका प्रकाशन नहीं हुआ है एवं कोई नियम नहीं बना है, इस मांग पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस पर समाधान कारक उपाय किए जाएंगे। शिक्षक (एल बी) ग्रंथपाल को शिक्षक (एल बी) संवर्ग में समायोजित करने तथा राज्य अतिथि शिक्षक (विद्या मितान) संघ को संविदा कर्मचारियों की नियम शर्तों की भांति सुविधा प्रदान करने पर सार्थक चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री ने शिक्षक संघ के आग्रह पर समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक दो माह में बैठक के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया है।

प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, प्रांतीय महामंत्री मनोज राय गरियाबंद जिला के संगठन मंत्री रूपेन्द्र साहू और सदस्य डी बसंत साव उपस्थित थे।

# किसान सुरेश को मिला भुइयां के भगवान सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




छत्तीसगढ़ की माटी और किसानों के प्रति समर्पण को सम्मानित करने वाले प्रतिष्ठित भुइयां के भगवान पुरस्कार से इस वर्ष दंतेवाड़ा जिले के ग्राम कासौली के प्रगतिशील किसान सुरेश कुमार नाग को सम्मानित किया गया। 6 फरवरी को राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान निधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि दंतेवाड़ा जिले के कृषि जगत के लिए गौरव का क्षण है।

सुरेश कुमार नाग की यह उपलब्धि केवल ग्राम कासौली तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जिले के उन किसानों के लिए प्रेरणा है। जो रसायनों को छोड़कर प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर लौट रहे हैं। जैविक खेती के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवाचार, निरंतर प्रयास और सफल प्रयोगों को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है। उन्होंने वर्षों पूर्व रासायनिक खेती के दुष्परिणामों को समझते हुए जैविक खेती को अपनाया और ग्राम कासौली जैसे दूरस्थ क्षेत्र में रहते हुए यह सिद्ध किया कि मजबूत इच्छाशक्ति और परंपरागत संसाधनों से भी बेहतर उत्पादन संभव है।

नाग ने अपने खेतों में रासायनिक उर्वरकों का पूरी तरह त्याग कर जीवामृत, घन-जीवामृत तथा स्थानीय औषधियों से निर्मित कीटनाशकों जैसे ब्रह्मास्त्र और नीमास्त्र का उपयोग शुरू किया। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने पर उन्होंने अपने अनुभव आसपास के किसानों के साथ साझा किए और पूरे जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया। उनके प्रयासों से कई गांवों के किसान प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित हुए हैं।

इसके साथ ही वे 100 से अधिक परंपरागत धान की किस्मों के संरक्षण में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिले में श्री विधि से रागी तथा श्री विधि से कोसरा जैसे नवाचारों के प्रयोग में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग के मार्गदर्शन में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को सुरेश कुमार नाग जैसे किसानों ने धरातल पर उतारा है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 191 जोड़ों का सामूहिक विवाह, आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ा भी होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

महिला एवं बाल विकास द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार 10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिले में कुल 191 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन हेतु जिले की विभिन्न एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं से आवेदन प्राप्त हुए हैं। परियोजनावार प्राप्त आवेदनों में दंतेवाड़ा से 18, बचेली से 23, कुआकोंडा से 34, किरंदुल से 14, बड़ेगुडरा से 19, बारसूर से 32, कटेकल्याण से 19 एवं गीदम से 31 जोड़े शामिल हैं। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक आत्मसमर्पित नक्सली जोड़े का विवाह भी सामाजिक समरसता के साथ संपन्न कराया जाएगा। कन्या कुमारी हिडने कारम 25 वर्ष एवं वर बामन मड़काम 25 वर्ष निवासी कारली पुलिस लाइन का विवाह पूर्ण विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कराया जाएगा। इस पहल से समाज की मुख्यधारा में लौटे व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन की ओर प्रोत्साहित करने का संदेश मिलेगा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य सामाजिक विवाह की खर्चीली परंपरा को कम करना, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता प्रदान करना तथा समाज में समरसता और पुनर्वास को बढ़ावा देना है। आत्मसमर्पित नक्सली जोड़े को योजना से जोड़ना शासन की पुनर्वास नीति की सकारात्मक दिशा को दर्शाता है।

### डीएवी आड़ावाल में हुआ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटी सेमरा आड़ावाल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को परियोजना (प्रोजेक्ट) के माध्यम से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम दिखाया गया तथा परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और एकाग्रता के साथ कार्यक्रम को देखा और परीक्षा से जुड़ी उपयोगी बातों को समझा।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## अधिकारी व कर्मचारियों को मिला ई-ऑफिस का प्रशिक्षण



**कांकेर।** ई-ऑफिस, स्पैरो और ई-एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से कार्य करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से पहुंचे मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही शंका का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों को कार्यालय में ई-फाईल के माध्यम से कार्य करने, स्पैरो पोर्टल के माध्यम से अचल संपत्ति का विवरण ऑनलाईन भरने और ई-एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से अवकाश के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया।

## सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य ने दिया न्योता भोज, 300 बच्चों ने खाई खीर और पूरी



**बासनवाही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनवाही में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष न्योता भोज का आयोजन कर शिक्षा और संवेदनशीलता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। यह सराहनीय पहल विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य केके गंजीर द्वारा की गई, जिन्होंने कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत लगभग 300 विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक खीर-पूरी का भोजन कराया। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी विद्यालय और विद्यार्थियों के प्रति अपने गहरे लगाव को दर्शाते हुए सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य ने इस आयोजन को आत्मीयता के साथ संपन्न कराया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और संतोष देखकर उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि विद्यालय से उनका रिश्ता केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह जीवनभर का संबंध है। बच्चों के बीच समय बिताना उन्हें आत्मिक शांति और संतोष प्रदान करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्तमान प्राचार्य डीके भास्कर ने सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अपनत्व, सम्मान और संस्कारों का विकास होता है तथा समाज को भी सकारात्मक संदेश मिलता है। शाला प्रबंधन पालक-बालक संघ के अध्यक्ष भुवन भारती ने शासन की न्योता भोज योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना समुदाय और शिक्षण संस्थानों के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का इस प्रकार आगे आकर बच्चों के लिए योगदान देना अत्यंत प्रेरणादायक है।

### निधन

### अश्वनी कुमार सोम



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत करामाड निवासी अश्वनी कुमार सोम का आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व अश्वनी कुमार सोम पूर्व में जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में जनपद सदस्य पद पर रह चुके थे। अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम करामाड में किया जाएगा।

### सुखलाल उयके



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम बरहेली निवासी सुखलाल उयके का आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बरहेली में किया गया। अंतिम संस्कार में ग्रामीण एवं रिश्तेदार शामिल हुए।

# राज्य कबड्डी में महिला-पुरुष ने दिखाया दम, कोरर बना खेल प्रतिभाओं का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को मंच देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवा समिति कोरर के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का यह ग्यारहवां आयोजन रहा, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आई महिला एवं पुरुष टीमों ने दमखम और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

समापन अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी, अध्यक्षता सेवानिवृत्त एडीजीपी भारत भूषण सिंह ठाकुर ने किया, वहीं छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे और पूरे खेल आयोजन तक खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। विशेष अतिथियों में राकेश ठाकुर, एसपी शक्ति प्रफुल सिंह ठाकुर, विजय ठाकुर, विजय डालमिया, मिट्ठू भाई, विक्रम सिंह, उत्तम ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, प्राची ठाकुर एवं सरपंच केबी ठाकुर शामिल रहे।

पुरुष वर्ग में भिलाई की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बरहेली द्वितीय एवं कांकेर तृतीय स्थान पर रही। बेस्ट रेडर का खिताब देवराज गांवर (कांकेर), बेस्ट कैचर विक्की सलाम (बरहेली) और बेस्ट अनुशासित खिलाड़ी युवराज को प्रदान किया गया। महिला वर्ग में रायपुर ने प्रथम स्थान हासिल किया, राजनांदगांव ए द्वितीय एवं महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय भानुप्रतापपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में बेस्ट रेडर अमीरा नाग (भानुप्रतापपुर), बेस्ट कैचर उर्वशी बेलदार तथा बेस्ट अनुशासित खिलाड़ी पूर्वी यादव (राजनांदगांव) रहीं।

### निष्पक्ष रेफरियों की अहम भूमिका

खेल को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में स्टेट रेफरी अनुपम जोफर, दुष्यंत सोनकर, उमेश साहू, राजेन्द्र नेताम, देवकुमार भुआर्य, गितेश्वर साहू, चन्द्रकांत साहू, चंद्रकांत यादव, कैलाश कांगे, राधिका कुंजाम, खेमलता कोरेटी, नेहा नेताम, कंवल कुंजाम, हीरेन्द्र साव, अमित ठाकुर, भौजराज, रवीश कोर्राम एवं ठाकुर राम कुल्हाड़ ने अपने निष्पक्ष निर्णय से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




**कार्यक्रम में यह रहे शामिल :** कार्यक्रम की सफलता में युवा समिति के संयोजक वीरेश ठाकुर, नंदकिशोर राठी, ललित राठी, रमेश पांडेय, सौरभ ठाकुर, पंकज तिवारी, राघवेंद्र राजपूत, मंझलु परिहार, गणेश सोनी, प्रशांत सिन्हा, राहुल ठाकुर, पुखराज कोसमा, सुशांत राजपूत, आनंद विश्वकर्मा, हरीश गोहिल, राजू गोहिल, सद्दाम खान, सातवन धनकर उपस्थित रहे। मंच संचालन अशोक यादव एवं अकरम कुरैशी ने किया।

## श्रमिकों को मिली रोजगार व आजीविका की नई उम्मीद

# जी-राम-जी योजना पर भाजपा किसान मोर्चा ने लगाई जन चौपाल किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकसित भारत की संकल्पना को धरातल पर उतारते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव-गांव तक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार 9 फरवरी को ग्राम पंचायत नारायणपुर के आश्रित ग्राम सेमरापारा में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका की नई गारंटी वीबी जी-राम-जी के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण एवं जन चौपाल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित जन चौपाल संवाद में प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रचार-प्रसार मंत्री नरोत्तम सिंह चौहान ने मजदूरों को बताया कि वीबी जी-राम-जी योजना के तहत अब श्रमिकों को



100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार मिलेगा, जिससे प्रत्येक परिवार की आय में सीधी बढ़ोतरी होगी। मजदूरी भुगतान साप्ताहिक अथवा कार्य समाप्ति के 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा, विलंब होने पर मुआवजे का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि डिजिटल प्रणाली, बायोमेट्रिक उपस्थिति और साप्ताहिक अपडेट के चलते भुगतान में देरी नहीं होगी और पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

योजना में जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं जलवायु सुरक्षा पर विशेष फोकस किया गया है। खेती-किसानी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार को बुवाई एवं कटाई के मौसम में 60 दिनों तक कार्य रोकने का अधिकार भी दिया गया है, ताकि गांवों में श्रमिक उपलब्ध रहें। कार्यक्रम में यह भी स्पष्ट किया गया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा को बंद किए जाने का भ्रम फैलाया जा रहा है, जो पूरी तरह निराधार है। मनरेगा को समाप्त नहीं किया गया है, बल्कि शुद्धिकरण कर विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के रूप में और अधिक प्रभावी बनाया गया है। भ्रष्टाचार पर लगाम लगने से विपक्ष बेचैन है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत नारायणपुर के सरपंच एवं भाजपा युवा नेता भेनू दुग्गा ने उपस्थित जनसमूह को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जनपद सदस्य एवं भाजपा जिला अनुसूचित जाति महामंत्री वरुण खापर्डे, लक्ष्मण कुलदीप, शिशुपाल पटेल, लक्की यदु, रोजगार सहायिका नूतन दर्रो, सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, श्रमिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भानुप्रतापपुर का ऐतिहासिक देव मेला 22 से आस्था व परंपरा का होगा संगम, तैयारी प्रारंभ



**भानुप्रतापपुर।** नगर की सांस्कृतिक पहचान और आस्था का प्रतीक ऐतिहासिक वार्षिक देव मेला इस वर्ष और भी भव्य रूप में आयोजित होने जा रहा है। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर की आयोजित समस्त पार्षदों की बैठक में मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए इसे सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। यह तीन दिवसीय मेला 22 फरवरी से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं व्यापारी शामिल होंगे।

आयोजित बैठक में मेला संचालन के लिए समिति का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना के साथ पार्षद भगवान सिंह कुंजाम एवं नरेन्द्र कुलदीप करेंगे। समिति द्वारा मेले की प्रत्येक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस वर्ष मेले को रात्रिकालीन समय तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए मेला परिसर में 10 हाई मास्ट टावर लाइटें लगाई जाएंगी, जिससे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी। वहीं, आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पास सिस्टम को पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। व्यापारियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इस वर्ष मेले में लगने वाली दुकानों को टैक्स फ्री रखने का अहम निर्णय लिया गया है। नगर पंचायत द्वारा पेयजल एवं विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, हालांकि विद्युत उपयोग के लिए दुकानदारों से निर्धारित शुल्क लिया जाएगा।

आयोजन समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पानी व्यवस्था की जिम्मेदारी पार्षद विजय धामेचा, रजिन्दर रंधावा, रूपेंद्र मरकाम एवं तुषार ठाकुर को दी गई है। साफ-सफाई व्यवस्था पंकज वाधवानी, विजय धामेचा, मनदीप कौर ढिल्लन एवं सुमित्रा साहू संभालेंगी, जबकि प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी निशा तिवारी एवं राजकुमार यादव को सौंपी गई है।

## सरोना के पांच गांवों के लिए संचार सुविधा मंजूर, विधायक नेताम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

डिजिटल युग में जहां मोबाइल नेटवर्क जीवन की बुनियादी जरूरत बन चुका है, वहीं सरोना क्षेत्र के दूरस्थ गांव आज तक इस सुविधा से वंचित थे। विधायक आशाराम नेताम की सक्रिय पहल और निरंतर प्रयासों से कांकेर के पांच गांवों को मोबाइल नेटवर्क की सौगात मिली है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के नए द्वार खुलने की उम्मीद जगी है।



कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम के विशेष प्रयासों के चलते कांकेर विकासखंड के भैसगांव, कानागांव, कुलगांव, पेटोली और पुसवाड़ा (मारीपारा) गांवों में मोबाइल नेटवर्क सुविधा की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन गांवों में लंबे समय से नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई थी, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं से जुड़ने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नेटवर्क के अभाव में ग्रामीणों को मोबाइल कॉल करने या इंटरनेट उपयोग करने के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित हो रही थी, वहीं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं से संपर्क करना भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ था। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक आशाराम नेताम ने संबंधित विभागों और नेटवर्क कंपनियों के अधिकारियों से लगातार समन्वय कर इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर उठाया।

▪ मोबाइल कॉल या इंटरनेट उपयोग के लिए कई किमी की यात्रा मिलेगी मुक्ति

### बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रयास जारी

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि उनका संकल्प है कि कांकेर विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे। मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट आज के समय में बुनियादी जरूरत हैं और इसके बिना ग्रामीण विकास अधूरा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में अन्य दूरस्थ गांवों में भी संचार सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

विधायक की पहल के बाद क्षेत्र का तकनीकी सर्वे कराया गया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए अंततः इन पांच गांवों में नेटवर्क विस्तार की स्वीकृति मिली। स्वीकृति मिलते ही गांवों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें संचार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और वे भी डिजिटल इंडिया से सीधे जुड़ सकेंगे। ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त करते हुए जल्द ही नेटवर्क स्थापना कार्य शुरू होने और संचार सुविधा पूरी तरह बहाल होने की उम्मीद जताई है।

## उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किया पुरस्कृत



**कांकेर।** स्वच्छता संक्रमण नियंत्रण एवं बेहतर प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित आयुष कायाकल्प प्रोग्राम के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा कांकेर के चार आयुष केंद्रों को पुरस्कृत किया गया है। चयनित संस्थाओं में स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर भानुप्रतापपुर को प्रथम पुरस्कार 01 लाख 25 हजार रूपए, आयुष केंद्र कोटतरा को द्वितीय पुरस्कार 50 हजार, आयुष्मान आरोग्य मंदिर संबलपुर को द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रूपए और शासकीय आयुर्वेद औषधालय तरहुल को तृतीय पुरस्कार 25 हजार रूपए से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार से प्राप्त राशि का उपयोग अस्पतालों के मूलभूत ढांचे और मरीजों की सुविधाओं को विस्तार देने के लिए किया जाएगा।

## ढाई परिक्रमा करके पलाचूर में देव मेले का किया शुभारंभ

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पलाचूर में 9 फरवरी को वार्षिक देव मेला का आयोजन श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस पारंपरिक मेले में आसपास के ग्रामों से ग्रामीण, देवी-देवताओं के पुजारी, जनसमुदाय एवं व्यापारी शामिल हुए। मेला आयोजन को लेकर गांव में विशेष उत्साह का माहौल बना रहा।

मेले का शुभारंभ परंपरा के अनुसार ढाई चक्कर परिक्रमा कर किया गया। इसके बाद देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। वार्षिक देव मेला गांव की पुरानी परंपरा है, जिसमें ग्रामीण अपने आराध्य देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं। इस दिन गांव में धार्मिक वातावरण बना रहता है तथा मेले में लोक परंपरा के अनुसार विभिन्न धार्मिक गतिविधियां भी संपन्न होती हैं। मेले में ग्रामीणों के साथ-साथ व्यापारियों द्वारा भी दुकानें लगाई गईं, जिससे बच्चों एवं ग्रामीणों में खासा



उत्साह देखा गया। मेले में आवश्यक घरेलू सामान, खिलौने, खानपान सामग्री एवं अन्य वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ बनी रही। इस अवसर पर ग्राम गायता संग्राम नरेटी, बैजनाथ नरेटी, ग्राम पटेल दुलुम साय नरेटी, शिवलाल मरकाम, सुखराम नरेटी सहित ग्रामवासी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सम्पूर्ण जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को प्रतिबंधित किया है। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित की जाने वाली वर्ष 2026 की हायर सेकण्डरी, हाईस्कूल, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च के मध्य आयोजित होगी, इससे विद्यालयीन परीक्षा के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में कोई व्यवधान न हो। इसे दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ कोलाहल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-4 एवं धारा-6 के अंतर्गत तीव्र संगीत, हार्नटाइप, ध्वनि विस्तारक का उपयोग अनुज्ञा के बिना तत्काल प्रभाव



से सम्पूर्ण कांकेर जिला में राजस्व सीमा के अंदर प्रतिषेध किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा-7 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति प्रदान करने के लिए जिले के संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार (कार्यपालिक दण्डाधिकारी) को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। तहसील कांकेर के लिए एसडीएम कांकेर, तहसील चारामा के लिए एसडीएम चारामा, तहसील नरहरपुर के लिए तहसीलदार नरहरपुर, तहसील सरोना के लिए तहसीलदार सरोना, तहसील भानुप्रतापपुर के लिए एसडीएम भानुप्रतापपुर, तहसील दुर्गूकोंदल के लिए तहसीलदार दुर्गूकोंदल, तहसील अंतागढ़ के लिए एसडीएम अंतागढ़, तहसील आमाबेड़ा के लिए तहसीलदार आमाबेड़ा, तहसील पखांजूर के लिए एसडीएम पखांजूर, तहसील बांदे के लिए तहसीलदार बांदे और तहसील कोयलीबेड़ा के लिए तहसीलदार कोयलीबेड़ा को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी प्राधिकृत अधिकारियों को परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाए जाने हेतु अनुमति के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की पंजी रखेंगे और उसके प्रत्येक आवेदन पत्र की तिथि एवं समय का विवरण दर्ज किया जाएगा तथा परीक्षण पश्चात पृथक से अनुमति आदेश जारी किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी प्राधिकृत अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुमति की सूचना संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारी को दी जाए साथ कलेक्टर कार्यालय को भी इसकी सूचना दी जाए। यह आदेश 18 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# मंगल-बुध को अफसरों की मुख्यालय में उपस्थिति अनिवार्य, समय सीमा की बैठक सोमवार को होगी

**कांकेर।** जिले में प्रशासनिक कार्यों को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध बनाने की दिशा में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने अहम निर्णय लेते हुए अधिकारियों की जिम्मेदारियों को और स्पष्ट कर दिया है। शासन के निर्देशों के परिपालन में अब जिले के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों को प्रत्येक मंगलवार और बुधवार को अनिवार्य रूप से मुख्यालय में उपस्थित रहना होगा। इसके साथ ही प्रशासनिक समीक्षा को गति देने के लिए समय-सीमा की बैठक अब सोमवार को आयोजित की जाएगी।

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले के सभी राजपत्रित एवं



अराजपत्रित अधिकारियों को प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से मुख्यालय में उपस्थित रहकर शासकीय कार्यों के सुचारु संचालन के निर्देश दिए हैं। सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन पोर्टल एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर बल दिया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों में अनुपयोगी हो चुके कंडम वाहनों की आरटीओ के माध्यम से विधिवत नीलामी कराई जाए, वहीं खंडहर हो चुके शासकीय भवनों को आवश्यक अनुमति प्राप्त कर तोड़ने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शत-प्रतिशत छोटे बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने, पीएम सूर्य घर निःशुल्क बिजली योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरण तैयार करने तथा ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से शासकीय कार्य संपादन पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा मार्च माह तक शेष विद्युत देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने और सभी स्वीकृत विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर समयबद्ध निराकरण के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे एवं एएस पैकरा, सभी एसडीएम, जिला अधिकारी एवं नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411